▶ **नेपाल में एवरेस्ट स्कैंडल : पुलिस ने 32 लोगों पर केस दर्ज किया**

इंटरनेशनल बीमा कंपनियों से पैसा वसूली का हुआ भंडाफोड़

खाने में बेकिंग सोडा मिलाकर बीमार करते थे, हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर राशि एंठते थे

● काठमांडू / राज न्यूज नेटवर्क

नेपाल में माउंट एवरेस्ट से जुड़ा एक बड़ा स्कैंडल सामने आया है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ शेरपा और ट्रेकिंग से जुड़े लोग मिलकर खाने में बेकिंग सोडा या एक खास दवा मिलाकर पर्यटकों को बीमार बनाकर महंगे हेलिकॉप्टर रेस्क्यू के जरिए करोड़ों का बीमा घोटाला कर रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, नेपाल पुलिस ने इस मामले में 32 लोगों पर केस दर्ज किया है। इनमें ट्रेकिंग कंपनी के मालिक, हेलिकॉप्टर ऑपरेटर और अस्पताल से जुड़े लोग शामिल हैं। इन पर संगठित अपराध और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। नेपाल के ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू करना कई बार लोगों की जान बचाने का जरूरी तरीका होता है। वहां ऑक्सीजन कम होती है और मौसम अचानक खराब हो सकता है, इसलिए बीमार या फंसे ट्रेकर को जल्दी काठमांडू पहुंचाना जरूरी होता है। लेकिन इसी सिस्टम का गलत फायदा भी उठाया जा रहा है।

महंगे हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कराने बनाते है दबाव

जांच में सामने आया कि कुछ शेरपा, ट्रेकिंग एजेंसियों के साथ मिलकर पर्यटकों के खाने में बेकिंग सोडा मिला देते हैं। इससे पर्यटकों को तेज पेट दर्द, उल्टी और अन्य दिक्कतें होती थीं, जो ऊंचाई पर होने वाली बीमारी जैसी लगती हैं। कुछ मामलों में लोगों को डायमॉक्स (एक दवा जो ऊंचाई की बीमारी के लिए दी जाती है) के साथ ज्यादा पानी पिलाकर ऐसे लक्षण पैदा किए गए, जिससे लगे कि हालत गंभीर है। जब पर्यटक बीमार पड़ जाते हैं, तो उन्हें महंगे हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कराने के लिए दबाव बनाया जाता है। इसके बाद फर्जी मेडिकल रिपोर्ट और फ्लाइट दस्तावेज बनाकर इंटरनेशनल बीमा कंपनियों से पैसे वसूले जाते हैं। नेपाल चार्टर सर्विस, एवरेस्ट एक्सपीरियंस एंड असिस्टेंस और माउंटेन रेस्क्यू जैसी कंपनियां इस घोटाले में मुख्य रूप से शामिल बताई जा रही हैं। अगर कोई व्यक्ति ऊंचाई पर बीमार हो जाए या घायल हो जाए, तो हेलीकॉप्टर उसे जल्दी अस्पताल तक पहुंचा सकता है।

बीमा कंपनियों के लिए सच का पता लगाना मुश्किल

रेस्क्यू के दौरान एक हेलिकॉप्टर में कई लोगों को बैठाया जाता है, लेकिन हर व्यक्ति के नाम से अलग-अलग पूरा बिल बीमा कंपनी को भेजा जाता है, जैसे हर किसी के लिए अलग उड़ान हुई हो। जैसे 4000 डॉलर की उड़ान को 12000 डॉलर का क्लेम बनाया जाता है। फर्जी फ्लाइट रिकॉर्ड बनाए जाते हैं। अस्पताल में भी नकली कागज तैयार होते हैं। सीनियर डॉक्टर के डिजिटल सिग्नेचर से रिपोर्ट बनाई जाती है, जबकि वे डॉक्टर उस केस में शामिल ही नहीं होते। कई बार तो डॉक्टरों को पता नहीं होता कि उनके नाम से कागज बनाए हैं। कुछ मामलों में फर्जी रिकॉर्ड बनाकर पर्यटकों को अस्पताल में भर्ती दिखाया गया, जबकि सच में वे अस्पताल की कैंटीन में बैठकर बीयर पी रहे थे।

3 बड़ी कंपनियों के 6 अफसर गिरफ्तार

इस पूरे खेल में शेरपा, हेलिकॉप्टर कंपनियां, ट्रेकिंग एजेंसियां और अस्पताल मिलकर पैसा बांट लेते थे। जांच जनवरी में शुरू हुई थी, जब तीन बड़ी रेस्क्यू कंपनियों के 6 अफसरों को गिरफ्तार किया था। इस स्कैंडल से करीब 19.69 मिलियन डॉलर (188 करोड़ रुपए) की धोखाधड़ी की गई। एक कंपनी पर आरोप है कि उसने 1,248 रेस्क्यू में से 171 फर्जी दिखाए और 10 मिलियन डॉलर से ज्यादा का पैसा लिया। दूसरी कंपनी ने 471 में से 75 फर्जी रेस्क्यू दिखाकर करीब 8 मिलियन डॉलर कमाए। तीसरी कंपनी पर 71 फर्जी दावों के जरिए 1 मिलियन डॉलर से ज्यादा लेने का आरोप है। सरकारी पक्ष ने कुल 11.3 मिलियन डॉलर (107 करोड़ रुपए) के जुर्माने की मांग की है। कोर्ट ने इस मामले को गंभीर मानते हुए इसे प्राथमिकता दी है।

पहली बार 2018 में मामला उजागर

यह फर्जी रेस्क्यू स्कैंडल नया नहीं है। पहली बार 2018 में यह उजागर हुआ था। इसके बाद सरकार ने जांच कराई, 700 पेज की रिपोर्ट बनाई और सुधारों का ऐलान किया। 2019 में इस पर एक लंबी जांच रिपोर्ट भी प्रकाशित हुई। इसके बाद सरकार ने नियम बदलकर बिचौलियों को हटाया था और टूर ऑपरेटर को जिम्मेदार बनाया था, लेकिन पिछले साल जब नेपाल पुलिस की सीआईबी ने फिर से जांच शुरू की, तो पता चला कि स्कैंडल रुका नहीं, बल्कि और बढ़ गया है। नेपाल पुलिस के अधिकारी मनोज कुमार केसी ने कहा कि जब अपराध पर कार्रवाई नहीं होती, तो वह बढ़ता जाता है, और यही वजह है कि यह बीमा घोटाला भी फैलता गया।

पत्नी बुरा बर्ताव करती है, जबड़ा अब तक सूजा

ईरान के खिलाफ मदद नहीं की तो ट्रम्प ने उड़ाया मैक्रों का मजाक

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों पर तीखा व्यक्तिगत हमला किया है। उन्होंने कहा कि ईरान में चल रहे युद्ध को लेकर उन्होंने मैक्रों से बात की है। इस बातचीत का जिक्र करते हुए मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों का मजाक उड़ाया। ट्रम्प ने कहा कि मैक्रों अब भी जबड़े पर पड़े थप्पड़ से उबर रहे हैं। और यह भी कहा कि उनकी पत्नी उनके साथ बेहद खराब व्यवहार करती हैं।

ट्रम्प ने एक निजी लंच के दौरान कहा कि मैंने फ्रांस में मैक्रों को फोन किया, जिनकी पत्नी उनके साथ बहुत खराब व्यवहार करती हैं। वो अब भी जबड़े पर पड़े थप्पड़ की चोट से उबरे नहीं हैं। ट्रम्प ने यह टिप्पणी मई 2025 के उस वीडियो के संदर्भ में की जिसमें वियतनाम दौरे में ब्रिजिट मैक्रों को फ्रांसीसी राष्ट्रपति के चेहरे को धक्का देते हुए दिखाया था।

वीडियो में ऐसा लग रहा था कि ब्रिजिट फ्रांसीसी राष्ट्रपति को थप्पड़ मार रही हैं। हालांकि, मैक्रों ने इस वीडियो को भ्रामक जानकारी बताया था। लंच के दौरान ट्रंप ने दावा किया कि उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में मदद के लिए फ्रांस से संपर्क किया था। मैंने मैक्रों से कहा कि हम खाड़ी में आपकी मदद चाहते हैं, भले ही हम बुरे तत्वों और बैलिस्टिक मिसाइलों को खत्म करने में रिकॉर्ड बना रहे हैं। अगर संभव हो तो तुरंत जहाज भेजें।

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव
GOVERNMENT OF MAHARASHTRA
DEPARTMENT OF ARCHAEOLOGY

Curator, Central Museum Nagpur
Nagpur-415001 E-mail:- Central Museum Nagpur museum@gmail.com
Outward No/123 Date: 01/04/2026

Curator, Directorate of Archaeology & Museums, Govt. of Maharashtra, CENTRAL MUSEUM, NAGPUR inviting onlinee-Tender in B-1 Form for below mentioned work from the empaneled contractors with directorate of Archaeology and Museums Mumbai, Govt. ofMaharashtra.

e-tender work No.	Name of Work	Estimated Cost Rs.	Earnest Money Rs.	Time limit for Completion	Cost of Form e-tenderFee Rs.
1.	"CONSERVATION OF MUSEUM (PART-1), NAGPUR.	Rs. 20,00,29,728/-	Rs.10,01,149/- (E-payment gateway)	24 Months Including monsoon	Rs.3,540 including GST

E-Tener Time Table

1	Download Period of bid documents/sale start and end dates.	Dt. 01/04/2026 at 05.30 pm. to Dt. 27/04/2026 at 12.00 pm.
2	Period of Bid Submission / Bid submission start and end date	Dt. 01/04/2026 at 05.00 pm. to Dt. 27/04/2026 at 12.00 pm.
3	Date, place & time for submission of Tender hard copy	After submission of e-tender, technical bid in hard copies in sealed envelope must be submitted by the bidder before Date 28.04.2026 till 17.00 pm. in the office of CURATOR, Central Museum Nagpur.
4	Date time and place for online e-tender opening	e-Technical Bid Opening Dt.29/04/2026 at 12.00 am onwards, e-Financial Bid Opening will be announced later
5	Pre-bid meeting	Venue: Online / Office of CURATOR, Central Museum Nagpur

(Mayuresh Mayuresh D. Khadke)
Curator
Central Museam, Nagpur

D.G.I.P.R. 2026/2027/C-26

ऑनलाइन पेमेंट के लिए अब खत्म होगा ओटीपी

बैंक-टेलीकॉम साइलेंट ऑथेंटिकेशन लाएंगी

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

देश के बड़े प्राइवेट बैंक और टेलीकॉम कंपनियां 'साइलेंट ऑथेंटिकेशन' तकनीक पर काम कर रही हैं। इससे ऑनलाइन पेमेंट करने पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) की जरूरत खत्म हो जाएगी। यह सिस्टम बैकग्राउंड में ही चेक कर लेगा कि बैंक एप में रजिस्टर्ड नंबर और फोन का सिम कार्ड मैच कर रहे हैं या नहीं।

अगर सिम और नंबर मैच नहीं हुए, तो ट्रांजैक्शन तुरंत ब्लॉक हो जाएगा। खास बात यह है कि इसमें यूजर को कुछ भी करने की जरूरत नहीं होगी। यह तकनीक ई-सिम पर भी काम करेगी। इससे सिम क्लोनिंग और ई-सिम स्वैप जैसे फ्रॉड रुकेंगे। यह जानकारी एक्सिस बैंक के डिजिटल बिजनेस हेड समीर शेट्टी ने दी। शेट्टी ने बताया कि हम टेलीकॉम कंपनियों के साथ मिलकर साइलेंट ऑथेंटिकेशन के कई पायलट प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति एप में लॉग-इन है, लेकिन उसका मोबाइल नंबर रजिस्टर्ड नंबर से मैच नहीं करता, तो टेलीकॉम नेटवर्क हमें इसका सिग्नल दे देगा। इससे हम बिना ग्राहक को परेशान किए संभावित फ्रॉड का पता लगा सकेंगे पीडब्ल्यूसी इंडिया के साइबर लीडर सुंदरेश्वर कृष्णमूर्ति के मुताबिक, अब तक सुरक्षा की परतें ऐसी थीं, जिन्हें आसानी से हैक किया जा सकता था। अब बैंक और टेलीकॉम कंपनियां नेटवर्क के मुख्य हिस्से में ही वेरिफिकेशन को शिफ्ट कर रही हैं। यह सिस्टम बैकग्राउंड में काम करेगा, जिसे यूजर या हैकर नहीं देख सकेंगे।

सिम-डिवाइस मैच नहीं हुए तो रुकेगा ट्रांजैक्शन

माल परिवहन में एनएफआर ने किया शानदार प्रदर्शन

● मालीगांव / राज न्यूज नेटवर्क

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने बीते वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान माल परिवहन में शानदार प्रदर्शन किया है, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है।

बेहतर बुनियादी ढांचे, टर्मिनल प्रबंधन और स्टेकधारकों के साथ घनिष्ठ समन्वय का लाभ उठाते हुए एनएफआर ने खाद्यान्न, उर्वरक, कोयला, सीमेंट और पेट्रोलियम उत्पादों जैसी प्रमुख वस्तुओं का कुशल और समय पर परिवहन सुनिश्चित किया। जोन ने लोडिंग की क्षमता और टर्नअराउंड समय को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। विशेष प्रयासों से नए सामग्रियों के परिवहन को आकर्षित करने और उद्योगों के साथ मौजूदा साझेदारियों को मज़बूत बनाने में मदद मिली है। एनएफआर ने वित्त वर्ष 2025-26 में कुल 11.4 मिलियन टन (एमटी) की माल लोडिंग की, जो वित्त वर्ष 2024-25 की तुलना में 6 फीसदी की वृद्धि को दर्शाता है।

आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड
(CIN: L65922RJ2011PLC034297) पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020
Aavas FINANCIERS LTD SAPNE AAPKE, SAATH HAMAARA

परिशिष्ट-IV-A नियम 8 (6) के लिए देखें अचल सम्पत्तियों के विक्रय के लिए विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के शर्तें व सपठित नियम 8 (6) के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की ई- नीलामी विक्रय सूचना

आमजन को साधारण तथा ऋणी, सहऋणी व जमानतदार को विशेष रूप से एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बंधक अचल सम्पत्तियों का भौतिक कब्जा **आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड** के नाम से ज्ञात जो कि आगे **AFL** सन्दर्भित किया जावेगा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया था को **''जैसे है जहां है'' एवं जो भी है जैसा भी है** के आधार पर ई-नीलामी द्वारा निम्न तालिका में दर्शित बकाया राशि एवं भविष्य का ब्याज, लागत व शुल्क की वसूली हेतु विक्रय किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह सूचित किया जाता है ई-नीलामी वेबसाईट **https://sarfaesi.auctiontiger.net** के माध्यम से आयोजित की जावेगी।

ऋण खाता संख्या/ऋणी/ सह-ऋणी/ जमानतदार/ बंधककर्त्ता का नाम	बकाया राशि दिनांक	13(2) नोटिस की दिनांक व राशि	कब्जा दिनांक	सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति का आरक्षित मूल्य	ईएमडी राशि	ई-नीलामी की तिथि व समय	ई-निविदा जमा कराने की तिथि	ई-नीलामी निविदा खोलने व जमा कराने का स्थान	सम्पर्क सूत्र, संपत्ति विजिट दिनांक व समय
खाता सं. : 231219803034463 कंचन कंचन, शिवप्रसाद शिवप्रसाद	₹ 941195/- बकाया दिनांक 30 मार्च 2026	07 जुलाई 2025 ₹ 809214/- बकाया दिनांक 04 जुलाई 2025	27 फरवरी 2026	पीएच नं.-56, ग्राम भोमवाड़ा, ग्राम पंचायत भोमवाड़ा, जिला खरगोन, सनावद सनावद, म.प्र. मध्य प्रदेश (भारत)-451331/ **क्षेत्रफल 1900 वर्ग फीट**	₹ 1322400/-	₹ 132240/-	प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 07 मई 2026	06 मई 2026 तक या इससे पहले	वार्ड नं. 02, स्टेशन रोड़, गुरूद्वारा के बगल में, सनावद-451111 , मध्यप्रदेश -भारत	सुरेश कुमार-7877607513 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 05 मई 2026 प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक
खाता सं. : LNSAD00721-220180549 व LNSAD17423-240314497 नीता कर्मा, जितेन्द्र कर्मा जमानतदार : अजयकुमार भगत्या	₹ 1245661/- व ₹ 1146662/- बकाया दिनांक 30 मार्च 2026	11 मई 2025 ₹ 1060214/- व ₹ 978702/- बकाया दिनांक 08 मई 2025	27 फरवरी 2026	पी.एच.नं. 55, गांव-बांगड़दा, तहसील सनवाद, जिला-खरगोन, म.प्र. 451331 **क्षेत्रफल 962 वर्ग फीट**	₹ 2948200/-	₹ 294820/-	प्रात:11 बजे से दोपहर 1 बजे तक दिनांक 07 मई 2026	06 मई 2026 तक या इससे पहले	पहली मंजिल सी-31, राधा वल्लभ मार्केट, परिशर, खरगोन-451001 , मध्य प्रदेश -भारत	सुरेश कुमार-7877607513 सम्पत्ति का दौरा करने की दिनांक 05 मई 2026 प्रात: 9 बजे से सायं 5 बजे तक

ई-निलामी बिक्री के नियम और शर्तें:-
(1.) बंधक परिसंपत्ति की ई-नीलामी बिक्री AFL सुरक्षित लेनदार द्वारा ''जैसा है, जहां है, ''जैसा है वैसा, ''जो कुछ भी है और'' नो रिकोर्स के आधार पर की जायेगी उक्त सम्पत्ति पर कोई ज्ञात प्रभार नहीं है। **(2.)** ऑनलाइन ई-निलामी की बिक्री में भाग लेने के लिए, बोली दस्तावेज, पैन कार्ड की प्रतियां, कम्पनी और फोटो आईडी, कम्पनी के मामले में बोर्ड रिजोल्यूशन, पते का प्रमाण पत्र ईमएडी के साथ, **जो आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के नाम से देय है, चालू खाता संख्या 00548470000107 AAAVAS FINANCIERS LIMITED** पंजीकृत एवं निगमित कार्या.: 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्क्वायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर – 302020 **IFSC कोड : HDFC0000054** में जमा करना आवश्यक है, एक बार ऑनलाइन बोली सबमिट करने के बाद, उसे वापस नहीं लिया जा सकता है। आगे बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत किसी भी ईएमडी को निम्नलिखित ईमेल आईडी यानी **auction@aavas.in** पर रद्द किए गए चेक की कॉपी के साथ **आरटीजीएस/एनईएफटी/डीडी की यूटीआर/रेफरेन्स नंबर/डीडी नं.** भेजने की आवश्यकता होगी। **(3.)** सभी इच्छुक प्रतिभागियों/बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि ई-निलामी की बिक्री की कार्यवाही में भाग लेने, जानकारी और शर्तों के लिए **वेबसाईट** https://sarfaesi.auctiontiger.net **& https://aavas.in/sarfaesi-sale-notices** अवश्य देखें। ई-नीलामी, सहायता प्रक्रिया, ऑनलाईन प्रशिक्षण और अधिक जानकारी के लिए **ई-मेल auction@aavas.in** व **ramprasad@auctiontiger.net , मोबाईल नं. 8000023297** पर सम्पर्क करें **।(आवास सम्पर्क सूत्र : सुरेश कुमार– 7877607513 , मोहम्मद कलीम–7849821425)**
नोट:– यह सूचना पत्र ऋणी/जमानती/बंधककर्ता के लिये नियम 8(6) सहपठित नियम 9(1) के अधीन 30 दिवस का सूचना पत्र माना जायेगा। यदि बैंक को देय राशि की अदायगी उनके द्वारा इस अवधि में नहीं की जाती है तो उक्त संपत्ति निविदा द्वारा उपरोक्त दिनांक पर विक्रय की जाएगी।

स्थान : मध्यप्रदेश दिनांक: 03.04.2026 **प्राधिकृत अधिकारी आवास फाईनेंसियर्स लिमिटेड**

अभूतपूर्व वृद्धि स्वदेशी रक्षा प्रौद्योगिकी पर बढ़ते विश्वास का प्रमाण

रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट (रक्षा निर्यात) इतिहास के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को बताया कि इस अवधि में रक्षा निर्यात 38,424 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 62 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह 'बड़ी छलांग' भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं पर बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि देश रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक प्रभावशाली सफलता की कहानी लिख रहा है। वित्त वर्ष 2026 में रक्षा निर्यात में 14,802 करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई, जो देश की उन्नत मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग की मजबूती को दर्शाती है।

पांच वर्षों में तीन गुना बढ़ा निर्यात

खबर के मुताबिक, रक्षा निर्यात में डीपीएसयू (रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम) का योगदान 54.84 प्रतिशत रहा, जबकि निजी उद्योग ने 45.16 प्रतिशत हिस्सा लिया। निजी क्षेत्र ने ?17,353 करोड़ का निर्यात किया, जबकि डीपीएसयू ने 21,071 करोड़ रुपए का योगदान दिया। पिछले वर्षों के आंकड़े देखें तो वित्तीय वर्ष 24 में रक्षा निर्यात 21,083 करोड़ रुपए और वित्तीय वर्ष 25 में ?23,622 करोड़ रहा। मंत्रालय के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में रक्षा निर्यात लगभग तीन गुना बढ़ गया है।

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाई: प्रथम तल, विक्रम टॉवर, मह्-नीमच रोड, पीथमपुर – 454775 मध्य प्रदेश
ई-नीलामी – बिक्री सूचना सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''सुरक्षित लेनदार'' कहा जाएगा)** को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।
सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जैसी है वैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर कॉलम (जे) में दर्शाये उल्लेख के अनुसार** ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।
बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **GHFL/सुरक्षित ऋणदाता** की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्र.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति (सी)	संपत्ति का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तिथि और समय (जे)	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	ऋण संख्या HL00629200000005037138 **अजीत यादव (कर्जदार) रूना देवी अजीत (सह-कर्जदार)**	**नोटिस की तारीख: 08-08-2025 कुल बकाया: रु. 1332903/-** (तेरह लाख बत्तीस हजार नौ सौ तीन रुपये मात्र) जो 08-06-2025 तक देय है, साथ ही वसूली होने तक 13.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	भौतिक	अचल संपत्ति के सभी अंश भाग, प्लॉट संख्या 18 (कोना), जो सर्वे संख्या 206/2 पेकी, पी. एच. संख्या 81 (पुराना 42), ग्राम चिरायाम, तहसील देपालपुर, जिला में स्थित है। इंदौर (म.प्र.) क्षेत्रफल 600 वर्ग फुट। और इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- सीमाएँ: पूर्व श्री पवन कुमार सोनी का प्लॉटय पश्चिम सड़क; उत्तर श्री भागीरथ धनोरे का मकान; दक्षिण श्री रोहित सोनी का मकान।	रू. 850000.00/- (रुपये आठ लाख पचास हजार मात्र)	रू. 85000/- (रुपये पच्यासी हजार मात्र)	18-04-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	13-04-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	20-04-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक
2	ऋण संख्या HL00615100000005026995 **रविंद्र बलराम (कर्जदार) माया देवी (सह-कर्जदार) बलराम मामेर**	**नोटिस की तारीख: 09-04-2025 कुल बकाया: रु. 1450026/-** (चौदह लाख पचास हजार छब्बीस रुपये मात्र) जो 09-04-2025 तक देय है, साथ ही वसूली होने तक 13.35% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	भौतिक	मकान संख्या 102, माँ अयोध्यापुरी कॉलोनी, सेक्टर-8, ग्राम कोदरिया, ग्राम पंचायत कोदरिया, तहसील महू, जिला इंदौर (म.प्र.) का संपूर्ण भाग कुल क्षेत्रफल- 800 वर्ग फुट। सीमाएँ: पूर्व प्लॉट संख्या 99; पश्चिम कॉलोनी रोड; उत्तर प्लॉट संख्या 103; दक्षिण प्लॉट संख्या 101	रू. 1000000.00/- (रुपये दस लाख मात्र)	रू. 100000/- (रुपये एक लाख मात्र)	18-04-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	13-04-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	20-04-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक
3	ऋण संख्या HF0229H21100194 **सुरेंद्र कुशवाह (कर्जदार) माया कुशवाह (सह-कर्जदार)**	**नोटिस की तारीख: 09-04-2025 कुल बकाया: रु. 918982/-** (नो लाख अठारह हजार नौ सौ बयासी रुपये मात्र) जो 09-04-2025 तक देय है, साथ ही वसूली होने तक 18.85% प्रति वर्ष की दर से ब्याज भी देय है।	भौतिक	संपत्ति मकान संख्या 277 का संपूर्ण भाग और टुकड़ा, जो ग्राम बामनाला, पी.एच. नं. 53, तहसील मीकनगाँव, जिला खरगोन, वार्ड संख्या 01, ग्राम पंचायत बामनाला में स्थित है। माप: 53. 6x13.6 फुट, कुल क्षेत्रफल 763 वर्ग फुट। दस्तावेजों के अनुसार सीमाएँ:- पूर्व आम सड़क; पश्चिम रमेश का मकान; उत्तर पूनम का मकान; दक्षिण रामू का मकान।	रू. 1242150.00/- (रुपये बारह लाख बयालीस हजार एक सौ पचास मात्र)	रू. 124215.00/- (रुपये एक लाख चौबीस हजार दो सौ पंद्रह मात्र)	02-05-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	27-04-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	04-05-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय-पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी। इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता– प्लॉट संख्या–68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा–122003। हेल्पलाइन नंबर–7291981124 ,25 ,26 सहायता ईमेल आईडी–Support@bankeauctions.com, **संपर्क व्यक्ति–धरणी पी, ईमेल आईडी–dharani.p@c1india.com संपर्क नंबर–9948182222** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड–नीलामी आय खाता,'' बैंक–आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या–091551000028 और आईएफएससी कोड– ICIC0000915, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44, विमन नगर–411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से कॉलम **(जी) में दर्शाये पर या इससे पहले** जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई-मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होगी: **पता: प्रथम तल, एसपी टॉवर, रविन्द्र नगर, जवाहर मार्ग, खरगौन – 451001 मध्य प्रदेश मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए** https://www.bankeauctions.com **और www.grihumhousing.com पर जाएँ।**
इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम–2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15/30 (तीस) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।
किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।
दिनांक: 03.04.2026 स्थान: इंदौर **हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**